जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-13 | जयपुर, सोमवार, 28 मार्च, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

# चौमूं में देशभक्ति जगाने निकाली विशाल तिरंगा रैली

## डॉ. श्रवण बराला के नेतृत्व में हुआ तिरंगा रैली का आयोजन

तिरंगा रैली का शहर की जनता ने फूल बरसा कर किया भव्य स्वागत

चौमूं शहर भारत माता की जय और इंकलाब जिंदाबाद की जयघोष से गूंज उठा



## 150 से ज्यादा सैनिकों को शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**जयपुर (हमारा वतन)।** शहीद-ए- आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के शहीद दिवस पर चौमूं शहर में विशाल तिरंगा रैली व सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। स्वाभिमान ग्रामीण विकास संस्थान के तत्वाधान में आयोजित हुई तिरंगा रैली व सैनिक सम्मान समारोह के संयोजक डॉ. श्रवण बराला रहे। डॉ. श्रवण बराला के नेतृत्व में हुई इस रैली को कारगिल हीरो दिगेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गढ़ गणेश मंदिर से शुरू हुई तिरंगा रैली थाना मोड, जयपुर रोड, दौलत शाह बाबा दरगाह होते हुए शहीद भगत सिंह पार्क तक पहुंची। दो किलोमीटर की इस तिरंगा रैली में चौमूं विधानसभा क्षेत्र के हजारो युवा, महिला, पुरुष और आम जन शामिल रहे । तिरंगा रैली का शहर की जनता ने जगह - जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। तिरंगा रैली के निकलने के समय पूरा शहर भारत माता की जय और इंकलाब जिंदाबाद के जयघोष से गूंज उठा। रैली के भगत सिंह सर्किल पर पहुंचने के बाद सैनिकों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 150 से अधिक सैनिकों को शॉल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में महावीर चक्र विजेता कारगिल हीरो दिगेंद्र सिंह, रिटायर्ड आईएएस व अध्यक्ष भारतीय रैगर महासभा बी. एल. नवल, आईपीएस जी सी राय, समाजसेवी सूरज मल सैनी, बंशीधर यादव मंडल, उपेंद्र झालानी, राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक सांवरमल शास्त्री, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जांगिड़ समाज बाबूलाल पवार, पूर्व भाजपा प्रदेश डिजिटल मीडिया प्रभारी डॉ. जितेंद्र कुमावत, ईश्वर लाल यादव, छीतर नेता आमेर व बाबूलाल गढ़वाल,हाडौता पूर्व सरपंच राजेश वर्मा बतौर अतिथि शामिल रहे।



संयोजक डॉ. श्रवण बराला ने संबोधित करते हुए कहा कि भगत सिंह राष्ट्रीय प्रेमी थे और वे सभी समाजों के लोगों से कहते थे कि आप राष्ट्र प्रेमी बने। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र के लिए न्योछावर कर दिया। उनका कहना था कि युवाओं को लक्ष्य लेकर उसकी प्राप्ति तक उसके लिए संघर्ष करना चाहिए। उन्होंने कभी भी अमीर और गरीब किसान व मजदूरों में असमानता नहीं की, वह समानता के हितेषी थे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन और अपार जनसैलाब के लिए संयोजक डॉ. श्रवण बराला ने सभी का धन्यवाद किया और सदैव जनता के हित में कार्य करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में नौजवानों ने देशभक्ति के तराने और गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। एसडीएम हर्षित वर्मा और एसीपी राजेंद्र सिंह निर्वाण ने संपूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को संभाला। समारोह के अतिथि कारगिल हीरो धीरेंद्र सिंह ने कारगिल विजय की यशोगाथा को सुनाकर लोगों को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन एंकर हरिराम किंवाडा ने किया।



**डॉ. श्रवण बराला ने किया बड़ा ऐलान**

डॉ. श्रवण बराला ने कार्यक्रम में यमुना का पानी जयपुर जिले की शाहपुरा, चौमूं और आमेर विधानसभा क्षेत्र में लाने की सरकार से मांग की और कहा कि जब तक यमुना का पानी जयपुर जिले में नहीं आ जाता, मैं आप सभी लोगों के साथ मिलकर संघर्ष करता रहूंगा और क्षेत्र की जनता को पानी के लिए नहीं तड़पने दूंगा। इस दौरान डॉ. श्रवण बराला ने ऐलान किया कि मेरे बचे हुए जीवन को क्षेत्रवासियों के लिए समर्पित करता हूं एवं उनके सुख दुख में हमेशा उनके साथ खड़ा रहूंगा।



## छात्रसंघ अध्यक्ष चन्द्रकला नागोरी ने की मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात

**जयपुर (हमारा वतन)।** कालाडेरा कॉलेज छात्रसंघ अध्यक्ष चन्द्रकला नागोरी ने आर एल सहरिया पीजी महाविद्यालय परिवार की ओर से युवा साथियों के साथ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की । युवा साथियों ने इस दौरान जोशीले नारों से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का ऐतिहासिक बजट के लिए आभार व्यक्त किया और महाविद्यालय में खेल मैदान में 400 मीटर ट्रेक बनवाने के लिए ज्ञापन दिया।




# लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर

क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !



सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी

निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

फ्री परामर्श

संपर्क - 9636247286, 9928747286

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

## रश्क


रश्क अंतस में पाले हुए हो हजारों
चैन की अहमियत बस
तुम्हें ही पता है
बेचैनी भरा दिन कैसे है कटता?
तुम्हारी रातों की नींदें कहाँ लापता हैं

आफरीन चेहरा निगाहें शराबी
पर बेचैनियाँ हैं अंतस में काफी
सभी जानते हैं तुम्हारे मन की रंजिश
अब तो सुधार लो अपने
अंतर्मन की झांकी
सब सोच से ही बदलता है जग में
सोच लो के ये बस सोच
की ही खता है
रश्क अंतस में पाले हुए हो हजारों
चैन की अहमियत बस
तुम्हें ही पता है

चाहते हैं तुम्हें सब! ये तुम्हारा
भरम है
मुँह पे बड़ाई करना बहुतों
का धरम है
तारीफ सुन के बस फूले जा रहे हो
तारीफ के पुलों के सारे
खम्भे वहम हैं
गिर जाते हो पर सम्भलते नहीं हो
ये वाकया होता तो कई मरतबा है
रश्क अंतस में पाले हुए हो हजारों
चैन की अहमियत बस
तुम्हें ही पता है

खुद को जलाने का क्या फायदा है
जीवन का ये बस बुरा कायदा है
रश्क को गर अंतस में
अब भी पनाह दोगे
तो इक दिन गिरोगे मेरा वायदा है
कहना मानों और
अंतर्मन से सम्भलो
मैंने ये बात कही तुमसे
कितनी दफ़ा है
रश्क अंतस में पाले हुए हो हजारों
चैन की अहमियत बस
तुम्हें ही पता है

**रश्क- ईर्ष्या**
**अंतस -हृदय**
**आफरीन -मनोहर**
**रंजिश-दुश्मनी**


सिद्धार्थ गोरखपुरी

# उप जिला प्रमुख डागर व कांग्रेस के जिला परिषद सदस्यों ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से उप जिला प्रमुख जयपुर मोहन डागर व कांग्रेस के जिला परिषद सदस्यों ने मुलाक़ात कर लिखित में ज्ञापन सौंपा व ऐतिहासिक बजट के साथ कृषि बजट को डबल करने लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। डागर ने बताया कि जिला परिषद के सदस्यों के साथ जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर लिखित में ज्ञापन सौंपा हैं। जिसमें जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में बांडी नदी में यमुना नदी का पानी लाने के लिए राजस्थान सरकार की ओर से केन्द्र सरकार को डीपीआर बनवाकर भेजने, ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी कालेज खुलवाने, स्कूलों को क्रमोन्त करके कृषि संकाय व विज्ञान विषय विधालय खोलने, ग्रामीण क्षेत्र में महात्मा गांधी इंग्लिश स्कुल खुलवाने, सीकर रोड से पश्चिम की तरफ एक



तहसील खुलवाने,जे. ड़ी. ए. स्कीम रजत विहार आंनदलोक स्वपन लोक का विकास करवाने के लिये लिखित में ज्ञापन दिया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य हरिनारायण गठाला, हरसहाय यादव, महेन्द्र निल ,बनबिहारी मीणा, सुरेन्द्र बराला, एडवोकेट जितेश चौधरी, रामपुरा डाबडी सरपंच शैलैष बौहरा, अभिषेक मौरदिया सहित जयपुर जिले के पंचायती राज के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### जनप्रतिनिधियों को एक साथ मिलकर भू-जल संरक्षण के लिए प्रयास करने होंगे

**जयपुर(नि.सं.)।** स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री शांती कुमार धारीवाल ने कहा कि सभी संकल्प महत्वपूर्ण है। भू-जल संरक्षण के लिए राज्य सरकार द्वारा नीति बनी हुई है। आज भी बिल्डिंग बॉयलॉज में प्रावधान है कि निर्माण पर दो पेड़ लगाएं। तीन सौ वर्ग मीटर के भूखण्ड में निर्माण करने पर वॉटर हार्वेस्टिंग का पूरा प्रोजेक्ट लगाना आवश्यक है, लेकिन बहुत ही कम लोग लगाते है। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों को एक साथ मिलकर भू-जल संरक्षण के लिए प्रयास करने होंगे। हम सभी को प्रण लेना होगा कि अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में जल संरक्षण के लिए मौके पर खड़े होकर कार्य करायें। धारीवाल ने राजस्थान विधानसभा में शुक्रवार गैर सरकारी कार्य दिवस में सदस्य राजेंद्र राठौड़ द्वारा प्रस्तुत गैर सरकारी संकल्प पर विचार रखे।

## सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया बने लगातार तीसरी बार जिला उपाध्यक्ष

**जयपुर (हमारा वतन)।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल जी देसाई एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत की अनुशंसा के अनुरूप राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के उपाध्यक्ष व संभाग प्रभारी राजेंद्र अड़वाणा के आदेशानुसार जयपुर जिला



देहात कांग्रेस सेवादल उतर के जिला अध्यक्ष लल्लूराम सैनी ने टांकरडा निवासी सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया पुत्र भंवरलाल हरसोलिया को जयपुर जिला देहात कांग्रेस सेवादल उत्तर का जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है।कांग्रेस सेवादल पार्टी में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाने एवं इनके कार्य को देखते हुए हरसोलिया को लगातार तीसरी बार जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। हरसोलिया को जिला उपाध्यक्ष बनने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया।

# आर चंद्राज पैलेस में आयोजित हुआ सैनी समाज का होली मिलन समारोह

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के एनएच 52 स्थित आर चंद्राज पैलेस हेरिटेज होटल एंड रिसोर्ट में सैनी समाज का होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। समारोह में सैनी समाज की बड़ी-बड़ी नामी हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रवलन कर किया गया। आयोजकों ने सभी अतिथियों को गुलाल का तिलक लगाया और दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। समारोह में राजस्थानी कलाकारों द्वारा लोकगीतों और लोकनृत्य की प्रस्तुति ने समा बांध दिया और उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसी कड़ी में चौमूं नगरपालिका की सहायक प्रशासनिक अधिकारी दीपा सैनी ने भी अपने गायन से उपस्थित समाज बंधुओं को मंत्र मुग्ध कर



दिया। इस दौरान उपस्थित सभी समाज बंधुओं ने अपना - अपना परिचय दिया, जिससे सभी लोग एक दूसरे से रूबरू हुए। समारोह में समाजसेवी,राजनीतिज्ञ, डॉक्टर,पुलिस,शिक्षक,बिजनेसमैन,प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारियों ने शिरकत की। समारोह आयोजक और आर चंद्राज पैलेस के डायरेक्टर मुकेश सैनी ने बताया कि होली स्नेह मिलन समारोह के माध्यम से माली समाज के लोगों को एकत्रित कर समाज को संगठित करना ही हमारा उद्देश्य है। जानकारी के लिए आपको बता दें कि मुकेश सैनी के पिता रामचंद्र सैनी माली समाज में सक्रिय रुप से कार्यरत हैं। इस कार्यक्रम को आयोजित करने की रूपरेखा उन्होंने ही सुझाई थी। कार्यक्रम के आयोजक रामचंद्र सैनी, जय किशन सैनी और मुकेश सैनी ने सभी समाज बंधुओं का आभार प्रकट किया और कहा कि हम सब आज यहां एक साथ इकट्ठा हुए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

# फ्रेश फेस ऑफ़ द ईयर सीज़न 2 में देश विदेश के कलाकारों ने लिया भाग

**सीकर (हमारा वतन)।** ईआईसीडी 2020 ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से करवाई जा रही भारतीय शास्त्रीय नृत्य कला प्रतियोगिता में प्रतियोगी पहला चरण पार कर दूसरे चरण में जा चुके हैं। इस सीजन का क्राउन ट्रॉफी सर्टिफिकेट व कैश प्राइज जीतना किस प्रतियोगी के भाग्य में होगा यह तो फिनाले में पहुंच कर उनकी मेहनत एवं



बेहतरीन अनुभवी यूरी ही बता पाएगी। ईआईसीडी फाउंडर सिमरत कौर खोसला ने बताया कि इस बार भी कॉन्टेस्ट में जोरदार मुकाबला है। सभी प्रतियोगी अपनी कला का प्रदर्शन बहुत ही अछा कर रहे हैं। हम पहले भी कई कॉन्टेस्ट करवा चुके हैं जिसमें भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु नई पीढ़ी को शास्त्रीय कलाओं से जोड़े रखने और एफएफओटी जैसे यूनिक प्लेटफार्म देने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

# सैनिक उदयवीर का संघर्ष पुस्तक का हुआ विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)।** मनोरंजन कुमार सिंह द्वारा लिखित बायोपिक पुस्तक सैनिक उदयवीर का संघर्ष का विमोचन किया गया।युवा संस्कृति राजस्थान युवा छात्र संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम स्थान सभागार, सुबोध पी. जी. कॉलेज, रामबाग सर्किल जयपुर में मुख्य अतिथि न्यायाधिपति महेन्द्र गोयल राजस्थान उच न्यायालय, जयपुर, प्रोफेसर राजीव जैन कुलपति राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर, भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रवि जैन, प्रोफेसर के. बी. शर्मा प्राचार्य सुबोध पी जी कॉलेज रामबाग सर्किल जयपुर, गोपाल गुप्ता, जगदीश सोमानी, महेन्द्र शर्मा एवं गिरीश अग्रवाल द्वारा सम्मेलन




विवेकानंद गौरव सम्मान समारोह में पुस्तक का विमोचन किया गया।ये बुक भारतीय सेना के दिंवगत सीडीएस जनरल बिपिन रावत और भारतीय सेना में सेवा के दौरान दिव्यांग हुए सैनिकों को समर्पित है। यह पुस्तक अमेजन और किंडल प्लेटफार्म पर उपलब्ध हैं।

# ग्लोबल वार्मिंग से बचना है तो लगाने होंगे पेड़ पौधे : रूना शर्मा

**छत्तीसगढ़ (हमारा वतन)।** आर्ना फाउंडेशन छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष एवं पर्यावरणविद रूना शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस पहल करने की मांग उठाते हुए कहा है कि जिस अनुपात में आबादी बढ़ रही है उस अनुपात में पेड़ों का दोहन भी हो रहा है ! अगर यही स्थिति रही तो प्रकृति के बीच असन्तुलन की स्थिति हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि 21 मार्च को पेड़ों के महत्व के विषय में जन-जागरूकता फैलाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व वानिकी दिवस अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। जंगलों के बचाए रखने के लिए वर्ष 1971 में यूरोपीय कृषि संगठन की 23वीं आम बैठक में 21 मार्च को प्रतिवर्ष विश्व वानिकी दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया गया। उन्होंने कहा कि बाद में संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन ने भी पेड़ों के महत्व के विषय में लोगों को जागरूक करने के लिए 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व वानिकी दिवस मनाने पर अपनी सहमति दी, तभी से 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व वानिकी दिवस मनाने की शुरुआत हुई। वानिकी के 3 महत्वपूर्ण तत्वों- सुरक्षा, उत्पादन और वन विहार के बारे में लोगों को जानकारियां देने के लिए उसी साल बाद में 21 मार्च विश्व



वानिकी दिवस के रूप में चुना गया।

उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों के अनुसार जंगल वस्तुत- एक ऐसा जीवित समुदाय होता है जिसमें विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु, पेड़-पौधे, कीट-पतंगे एक-दूसरे पर निर्भर होकर अपना जीवन बिताते हैं। पर्यावरणविदों की शिकायत है कि पिछले कुछ दशकों में जिस तरह से मनुष्य ने अपने लालच की पूर्ति के लिए जंगलों का वध करना शुरू किया है, उससे जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वॉर्मिंग, ग्लेशियर का पिघलना जैसी विकट समस्याएं शुरू हुई हैं। रूना शर्मा ने पौधा लगाकर पर्यावरण सुरक्षा की शपथ भी ली।

## जॉब्स

1. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी), पद पशुधन सहायक, पद संख्या 1136, अंतिम तिथि 27 अप्रैल 2022
2. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी), पद लैब असिस्टेंट, पद संख्या 1012, अंतिम तिथि 23 अप्रैल 2022
3. भारतीय नौसेना, पद एसएसआर एए, पद संख्या 2500, अंतिम तिथि 5 अप्रैल 2022
4. पटना हाई कोर्ट बिहार, पद कंप्यूटर ऑपरेटर, पद संख्या 30, अंतिम तिथि 7 अप्रैल 2022
5. एंप्लोई स्टेट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (ईएसआईसी) पद स्पेशल सिक्योरिटी ऑफिसर, पद संख्या 93, अंतिम तिथि 12 अप्रैल 2022
6. उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, पद आरओ एआरओ, पद संख्या 337, अंतिम तिथि 5 अप्रैल 2021
7. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी), पद एमटीएस और हवलदार, पद संख्या 3603, अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2022
8. बैंक ऑफ बड़ौदा, पद ब्रांच रिसिवेबल मैनेजर, पद संख्या 159, अंतिम तिथि 14 अप्रैल 2022

सभी देशवासियों को भारतीय नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ


आशा है कि इस नववर्ष पर आपका जीवन प्यार और खुशियों से भरा होगा

उदयवीर सिंह यादव
(भूतपूर्व सैनिक)
मानसरोवर, जयपुर




# सनी लियोनी सी डाइविंग का मजा लेते हुए शेयर कीं फोटोज़, मोनोकिनी में आई नजर

बॉलीवुड की बोल्ड एक्ट्रेस सनी लियोनी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और वो अक्सर अपने अंदाज और लुक से फैन्स के पसीने छुड़ाती नजर आती हैं। अपनी हालिया तस्वीरों में सनी लियोनी समंदर के पानी में आग लगाती नजर आ रहीं हैं,आपको बता दें कि इन दिनों सनी लियोनी मालदीव में हैं और इस वेकेशन का पूरा मजा लेती दिखाई दे रहीं हैं। एक कछुए की फोटो शेयर करते हुए सनी लियोनी ने इस तस्वीर को कैप्शन दिया – खूबसूरत सी टर्टल को देखने से अच्छा और खूबसूरत कुछ नहीं होता। तस्वीरों में सनी लियोनी प्रिंटेड मोनोकिनी में सी डाइविंग का मजा लेती दिख रही हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए सनी लियोनी ने इन्हें कैप्शन दिया –इस प्यारे सूट में समुद्र के बाहर!। सोशल मीडिया पर सनी लियोनी की ये तस्वीरें काफी तेजी से वायरल हो रहीं हैं, जिन पर फैन्स का जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। वर्कफ्रंट की बात करें तो सनी लियोनी हाल ही में वेब सीरीज अनामिका में नजर आईं थी, जिसमें उनकी एक्टिंग के फैन्स दीवाने हो गए हैं। सोशल मीडिया पर सनी लियोनी के लाखों फैन्स हैं, जो उनकी तस्वीरों पर दिल खोलकर लाइक और कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं।



**रेड बिकिनी में सनी लियोनी ने लगाई पानी में आग**–बॉलीवुड की हॉट एक्ट्रेस सनी लियोनी एक बार फिर अपने बोल्ड फोटोशूट के लिए चर्चा में हैं और हो भी क्यों ना उनकी ये तस्वीरें हैं ही किलर कि, जो भी इन्हें देख रहा है वो आहें भरता नजर आ रहा है।

# सदमा उम्र के किसी भी पड़ाव पर परेशान कर सकता है, जरूरी है इसके बारे में जागरुकता

हर चीज की तरह, ट्रॉमा को भी ठीक होने में समय लगता है। अंत में, बिना ठीक हुए आघात बड़ी और कड़वी समस्याओं को ट्रिगर कर सकता है जो आपके जीवन को पटरी से उतार सकती है। चीजों को आधा छोड़ना कभी भी एक अच्छा विचार नहीं है। खासकर, जब आप ट्रॉमा या मानसिक आघात से निपट रहे हों और इससे निपटने के लिए चिकित्सा ले रहे हों। हम ऐसा इसलिए कहते हैं क्योंकि बिना ठीक हुए ट्रॉमा अन्य प्रमुख मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकता है। जिन्हें आप ठीक करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं।फोर्टिस हेल्थकेयर के निदेशक और विभागाध्यक्ष मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान, डॉ समीर पारिख, के अनुसार, अगर ट्रॉमा को अनुपचारित छोड़ दिया जाता है, तो हमारे दृष्टिकोण को प्रभावित कर सकता है। यह हमारे सोचने के तरीके में हस्तक्षेप कर सकता है। यह आत्म-सम्मान को प्रभावित कर सकता है। इस तरह से हम अपने आस-पास के लोगों के कार्यों को देखते



हैं, हमारे संबंध हैं, और जिस तरह से हम दुनिया के साथ बातचीत करते हैं।

चिकित्सा को बीच में छोड़ने से कई मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं दर्दनाक अनुभव किसी के सोचने के तरीके में हस्तक्षेप कर सकते हैं। यह किसी के खुद को देखने के तरीके को प्रभावित कर सकता है। अपने बारे में महसूस कर सकता है और जिनके साथ उनके संबंध हैं उसे प्रभावित कर सकता है। यह व्यक्ति को असहाय, क्रोधित, भयभीत, पागल और चिंतित भी छोड़ सकता है और ये सभी भावनाएं आपके दृष्टिकोण को रंग सकती हैं। आपको जीवन में आगे बढ़ने से रोक सकती हैं। प्रतिक्रियाओं को ट्रिगर के माध्यम से भी उकसाया जा सकता है, जो किसी के जीने के तरीके को बाधित कर सकता है। इसके परिणामस्वरूप भावनात्मक प्रतिक्रिया हो सकती है जो स्थिति के साथ संरेखित नहीं होती है।ये ट्रिगर दर्दनाक घटना से संबंधित हो सकते हैं या नहीं भी हो सकते हैं। लेकिन इनमें गंभीर गलतफहमी पैदा करने की क्षमता होती है। अनसुलझे आघात भी अवसाद का कारण बन सकते हैं, जिससे रिश्तों को बनाए रखने, उन्हें प्रेरित रखने और जीवन का निर्माण करने की क्षमता प्रभावित होती है। डॉ पारिख का सुझाव है, चूंकि आघात अक्सर किसी व्यक्ति के संबंध में या किसी व्यक्ति के कारण अनुभव किया जाता है।

# सुहाना खान ने बैकलेस फोटो में दिखाया बोल्ड अंदाज, ब्लैक ड्रेस में ढा रहीं कहर

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान इंडस्ट्री में कब कदम रखेंगी इस सवाल का जवाब अभी तक किसी के पास नहीं है, लेकिन जब तक सुहाना बॉलीवुड डेब्यू नहीं करती हैं तब तक वह किसी न किसी वजह से लगातार सुर्खियों में बनी रहती हैं। सुहाना खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और आए दिन इंस्टाग्राम पर फैंस के लिए अपनी तसवीरें या वीडियो शेयर करती रहती हैं। इसी क्रम में उन्होंने हाल ही में इंस्टा स्टोरी पर अपनी एक बोल्ड फोटो शेयर की है।फोटो में सुहाना खान ब्लैक स्टेन ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। इस बैकलेस ड्रेस में सुहाना खान बला की खूबसूरत लग रही हैं। इस लॉन्ग स्लीव ड्रेस के साथ सुहाना खान ने खूबसूरत इयर रिंग्स पहनी हुई हैं। सुहाना ने अपने बालों का बन बनाया हुआ है और अपनी जुल्फों को चेहरे के आसपास खुला छोड़ा है। हालांकि सुहाना ने अपनी इस फोटो के साथ कोई कैप्शन नहीं लिखा है लेकिन उन्होंने एक ब्लैक हर्ट इमोजी के साथ इस फोटो को शेयर किया है।सुहाना खान कुछ वक्त पहले ही अमेरिका से भारत लौटी हैं और खबर है कि वह जल्द ही खुशी कपूर और अगस्त्य नंदा के साथ अपनी पहली फिल्म करेंगी। खुशी कपूर जहां बोनी कपूर और लेट एक्ट्रेस श्रीदेवी की बेटी हैं वहीं अगस्त्य नंदा अमिताभ बच्चन के ग्रांडसन हैं। इन तीनों ने अभी तक सिनेमा जगत में कदम नहीं रखा है और तीनों का साथ में शुरुआत करना फैंस को सरप्राइज कर सकता है। जहां सुहाना खान के बॉलीवुड डेब्यू को लेकर खबरें आने लगी हैं वहीं शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान भी जल्द ही अपने करियर की शुरुआत कर सकते हैं। हालांकि आर्यन खान के बारे में खबर है कि वह एक एक्टर के तौर पर नहीं बल्कि एक राइटर के तौर पर शुरुआत करेंगे। खबर है कि आर्यन ने एक वेब सीरीज लिखी है जिसके जरिए वह इंडस्ट्री में अपनी शुरुआत करेंगे।



# कटरीना कैफ और विकी कौशल की शादी को अब मिली कानूनी वैद्यता, फिर से किया सेलिब्रेट

बॉलीवुड के मशहूर कपल कटरीना कैफ और विकी कौशल एक बार फिर से सुर्खियों में छाए हुए हैं। दरअसल इनकी शादी को तीन महीने पूरे हो चुके हैं और अब दोनों ने अपनी शादी को कानूनी रूप से कोर्ट में रजिस्टर भी करवा लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो परिवार की मौजूदगी में कटरीना कैफ और विकी कौशल ने शादी के रजिस्ट्रेशन की सारी प्रक्रिया पूरी की है। बता दें कि बीते साल 9 दिसम्बर को कटरीना कैफ और विकी कौशल ने राजस्थान में धूमधाम से शादी रचाई थी। इस रॉयल शादी में बॉलीवुड इंडस्ट्री के कुछ ही लोग शामिल हुए थे। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि शनिवार (19 मार्च 2022) को ही Vickat ने अपनी शादी को रजिस्टर करवाया है। कुछ दिन पहले ही कटरीना कैफ और विकी कौशल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ थ, जिसमें दोनों परिवार के साथ नजर आ रहे थे। माना जा रहा है कि यह वीडियो इसी दिन का ही है। शादी के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही इस कपल ने पूरे परिवार के साथ जश्न मनाया। सभी लोग इस दौरान कैजुअल लुक में नजर आएं। मुंबई के एक रेस्टोरेंट के बार कटरीना की मां और विकी कौशल के मम्मी-पापा के अलावा सनी कौशल को भी स्पॉट किया गया था। शादी के बाद से ही कटरीना कैफ और विकी कौशल अपने परिवार के साथ कम ही रह पाए हैं। शादी के तुरंत बाद ही दोनों कलाकार अपनी अपकमिंग फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हो गए थे। बिजी शेड्यूल से समय मिलते ही दोनों परिवार से साथ जमकर क्वालिटी टाइम बिताते हुए नजर आते हैं। खास करके त्योहार के मौके पर दोनों साथ रहने की पूरी-पूरी कोशिश करते हैं। हाल ही में कटरीना कैफ और विकी कौशल पूरे परिवार के साथ होली का जश्न मनाते हुए नजर आए थे।








## Swiss Open 2022

# स्विस ओपन से फॉर्म में वापसी करना चाहेंगे पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत

**बासेल (एजेंसी)।** ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के उप विजेता लक्ष्य सेन की गैर मौजूदगी में मंगलवार से यहां शुरू होने वाले स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सभी की निगाहें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और विश्व चैंपियनशिप के रजत विजेता किदांबी श्रीकांत पर टिकी रहेंगी। सेन ने लगातार दो सप्ताह के व्यस्त शेड्यूल के बाद थकान के कारण स्विस ओपन से हटने का फैसला किया है। सेन ने पिछले दो सप्ताह में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन शीर्ष खिलाड़ी सिंधु, श्रीकांत और साइना नेहवाल बर्मिंघम में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में भी नाकाम रहे। इस सप्ताह वे अपने प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिश करेंगे।

# सीएसके से बिछड़ने के बाद भी खत्म नहीं हुआ धोनी-डुप्लेसिस का याराना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2022 का आगाज आज यानि 26 मार्च से हो चुका है । सीजन 15 का पहला मुकाबला गत विजेता चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला जाएगा। इस मैच से पहले सीएसके के खिलाड़ियों की मुलाकात रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाड़ियों से हुई। इस दौरान डुप्लेसिस और धोनी का याराना देखने को मिला। बता दें, पिछले कुछ सीजन से साउथ अफ्रीका के फाफ डुप्लेसिस चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा थे, मगर इस साल मेगा ऑक्शन में आरसीबी ने उन्हें 7 करोड़ रुपए की मोटी रकम खर्च कर अपनी टीम में शामिल किया और कोहली के बाद उन्हें नया कप्तान भी नियुक्त किया। डुप्लेसिस ने आईपीएल वेबसाइट से एक इंटरव्यू में कहा था, मैं भाग्यशाली रहा कि मैं काफी लंबे समय तक एमएस धोनी के नेतृत्व में खेला।उन्होंने आगे कहा,मुझे उन्हें काफी करीब से टीम की अगुआई करते हुए देखने का मौका मिला कि वह किस तरह से काम करते थे। वह किस तरह से कप्तानी करते थे।



# राफेल नडाल छह सप्ताह के लिए रहेंगे टेनिस से दूर

**इंडियन वेल्स (एजेंसी)।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल को इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में टेलर फ्रिट्ज के खिलाफ मैच से पहले पसली में गंभीर चोट का सामना करना पड़ा।कैडेना सेरने नडाल के हवाले से कहा, यह अच्छी खबर नहीं है और मुझे इसकी उम्मीद नहीं थी। मैं काफी निराश और दुखी हूं क्योंकि सीजन की अच्छी शुरुआत के बाद बेहतर महसूस कर रहा था। उन्होने कहा, मुझे धैर्य रखना होगा और ठीक होने के बाद कड़ी मेहनत करनी होगी। रविवार को इंडियन वेल्स में टेलर फ्रिट्ज के खिलाफ मैच के दौरान नडाल सहज नजर नहीं आए और उन्हें सांस लेने में परेशानी हो रही थी।

# राजस्थान में गणगौर

भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। यहाँ अनेक धर्मों के लोग रहते हैं एवं सभी धर्मावलंबी प्रतिवर्ष नाना प्रकार के लोक त्यौहार एवं उत्सव बहुत उत्साह एवं रीति रिवाज के साथ धूमधाम से मनाते हैं। ऐसा ही एक त्यौहार जिसकी हम आज बात करने जा रहे हैं, जिसे वैसे तो संपूर्ण भारत में मनाया जाता है लेकिन राजस्थान में इसका विशेष महत्व है । जी हाँ ! हम बात कर रहे हैं गणगौर के त्यौहार की । राजस्थान में यह त्यौहार गाजे बाजे के साथ बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया जाता है । यह त्यौहार प्रेम एवं सौहार्द का प्रतीक माना जाता है । गणगौर शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है गण एवं गौर । गण का अर्थ होता है भगवान शिव और गौर शब्द का अर्थ माता पार्वती से होता है । अतः गणगौर पूजन में भगवान शिव एवं माता पार्वती का पूजन किया जाता है। पौराणिक काल से ऐसी मान्यता चली आ रही है की माता पार्वती ने भगवान शिव को अपने पति के रूप में प्राप्त करने के लिए बहुत ही कठोर तपस्या की एवं व्रत रखा । माता पार्वती की कठोर साधना से प्रभावित होकर भगवान शिव माता पार्वती के सामने प्रकट हो गए एवं उन्हें वरदान मांगने को कहा । पार्वती जी ने वरदान में स्वयं भगवान शिव को अपने पति के रूप में माँग लिया। भगवान शिव के वरदान स्वरूप शिव एवं पार्वती का विवाह संपन्न हो गया एवं तभी से यह माना जाने लगा की इस पूजा को सच्ची श्रद्धा एवं आस्था से किया जाता है तो मनवांछित फल प्राप्त होते हैं। यह त्यौहार होलिका दहन के दूसरे दिन अर्थात धुलण्डी के दिन से शुरू होकर 16 दिन तक चलता है जिसमें महिलाएं रोज शिव गौरी की पूजा अर्चना करती हैं। कुंवारी कन्याओं के लिए इस त्यौहार का विशेष महत्व है । ऐसी मान्यता है कि यदि कुंवारी कन्याएं इस पूजा को श्रद्धा पूर्वक करती है तो उन्हें मनचाहा वर प्राप्त होता है एवं सुहागिने अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना करती हैं । यह पूजा इतने हर्षोल्लास एवं धूमधाम से की जाती है की अंत में सौलहवें दिन तक आते आते यह पूजा एक त्यौहार का रूप ले लेती है।



**योगिता जोशी अनुप्रिया**
**जयपुर**

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

\- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# हम नई विश्व व्यवस्था की ओर

यूक्रेन पर अकारण हमले के लगभग एक महीने बाद साफ है कि युद्ध उस तरह से नहीं चल रहा है, जैसी कल्पना व्लादिमीर पुतिन ने की थी। हालांकि, अभी रूसी आक्रमण को दलदल कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन यह साफ है कि यूक्रेन के सैनिकों व नागरिकों ने जिस तरह से उग्र प्रतिरोध किया है, उसके चलते रूस अपने सैन्य और सियासी मकसद से अभी तक दूर है। युद्ध से पहले वाशिंगटन में विदेश नीति के हलकों में दो प्रमुख धारणाएं थीं- पहली धारणा यह थी कि रूसी सेनाएं कुछ ही दिनों, शायद 48 घंटों से भी कम समय में यूक्रेन की सेना को पछाड़ देंगी और मॉस्को के अनुकूल शासन की स्थापना हो जाएगी। दूसरी धारणा यह थी कि रूसी दुस्साहस चीन के मौन समर्थन से एक नई दो-ध्रुवीय विश्व व्यवस्था की शुरुआत करेगा, जिसमें एक तरफ, संयुक्त राज्य अमेरिका व उसके सहयोगी होंगे और दूसरी तरफ, रूस व चीन होंगे।मॉस्को द्वारा आक्रमण के महीने भर बाद रूस की पहली धारणा अमान्य हो गई है। यूक्रेन द्वारा दिए गए आक्रामक जवाब के चलते रूसी हमलावर कई मोर्चों पर ठिठक गए हैं। यूक्रेन की राजधानी कीव को गिराने में रूस अब तक असमर्थ रहा है और रूसी पक्ष का नुकसान लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी अधिकारियों का अनुमान है कि अब तक के युद्ध में 7,000 या इससे अधिक रूसी सैनिक मारे गए हैं। इसके अतिरिक्त, पश्चिमी पर्यवेक्षकों के अनुसार, रूस को टैंक, लड़ाकू जेट और मिसाइलों के मामले में भी खासा नुकसान हुआ है। भयंकर बमबारी व मिसाइल हमलों के बावजूद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की का पश्चिम-समर्थक प्रशासन न सिर्फ कायम है, बल्कि इसे यूरोप और दुनिया भर के देशों में भारी समर्थन मिल रहा है। वास्तव में, एक पूर्व कॉमेडियन व व्यवसायी जेलेंस्की पश्चिमी दुनिया के अधिकांश हिस्सों में एक नायक बन गए हैं। हाल के एक जनमत सर्वेक्षण में 64 प्रतिशत अमेरिकियों ने कहा कि वे जेलेंस्की के रुख से इत्तेफाक रखते हैं। इस वजह से अमेरिका में प्रशासन, रक्षा और रणनीतिकारों को यह विश्वास हो चला है कि पुतिन ने युद्ध की तैयारी करते समय यूक्रेनी प्रतिरोध और पश्चिम के संकल्प को कम आंका था।


राम गोपाल सैनी

# आवर हेंड फॉर हेल्प फाउंडेशन ने प्रदान की शिक्षण सामग्री

**जयपुर (हमारा वतन)।**आवर हेंड फॉर हेल्प फाउंडेशन ने पढ़ने वाले बच्चो के लिए प्रोग्राम किया । इस प्रोग्राम में विभिन्न कच्ची बस्तियों में बच्चों से मिलकर उन्हें को पढने की सामग्री देकर पढ़ने के लिए प्रेरित भी किया ।

उपसचिव रवि ने बताया की हम पिछले कुछ सालो से जरुरतमन्दो की सहायता करते आये है । हमारे द्वारा समय- समय पर ऐसे प्रोग्राम किये जाते रहे है और आगे भी करते रहेंगे । आज का प्रोग्राम लगभग 500 बच्चो के लिए था । ये प्रोग्राम करने का हमारा उद्देश्य है की कोई भी बच्चा पढने से वंचित न रहे । बच्चो को पढने के लिए प्रेरित किया और यह भी बताया की हमारी और से सहायता मिलती रहेगी कोई भी अपनी पढाई में कमी ना आने दे ।




इस दौरान उपाध्यक्ष महेश, सचिव विकाश, शुभम कुमावत, शुभम सैनी, मनमोहन, चन्द्र शेखर आदि सदस्य मौजूद रहे ।

## कश्मीर के युवाओं को शिक्षित कर उन्हें बढ़ावा देने की जरूरत: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली(एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि कश्मीर के युवाओं को शिक्षित करके उन्हें बढ़ावा देना जरूरी है। शीर्ष अदालत ने माना कि हर कोई अपनी युवावस्था में गलतियां करता है, मगर युवाओं को शिक्षित करके आगे बढ़ाना जरूरी है। जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली केंद्र शासित प्रदेश सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए, जिसमें जम्मू-कश्मीर महिला विकास निगम को मुबशीर अशरफ भट को और ऋण किस्त जारी करने का निर्देश दिया गया था, न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ और सूर्यकांत की पीठ ने कहा, हमें कश्मीर के युवाओं को शिक्षित करके उन्हें बढ़ावा देने की जरूरत है। इसमें कहा गया है कि अगर वह उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हैं।

## मुख्यमंत्री किसान मित्र ऊर्जा योजना में 7 लाख किसानों के बिजली बिल शून्य- सांवत

जयपुर (नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा प्रदेश के किसानों को आर्थिक सम्बल प्रदान करने के लिए लागू की गई मुख्यमंत्री किसान मित्र ऊर्जा योजना में अब तक 11.55 लाख से अधिक किसान लाभान्वित हो रहे है। इसके साथ ही प्रदेश में लघु एवं मध्यम वर्ग के 7 लाख से अधिक किसानो के कृषि बिजली बिल शून्य हो गए है। इस तरह लघु एवं मध्यम वर्ग के किसानों को कृषि बिजली लगभग निःशुल्क मिल रही है। राजस्थान डिस्कॉम्स के अध्यक्ष भास्कर ए. सावंत ने बताया कि मुख्यमंत्री किसान मित्र ऊर्जा योजना के लागू होने के बाद से अब तक 11 लाख 55 हजार 393 कृषि विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में प्रति माह 1000 का अतिरिक्त अनुदान दिया जा रहा है।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512




# रूक्क्षमणी कुमारी ने लिया गणगौर पूजन में भाग

**जयपुर (हमारा वतन)** । प्रोफेशनल कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष रूक्क्षमणी कुमारी ने चौमूं शहर के मोरीजा रोड स्थित श्री राम नगर कॉलोनी में नवविवाहित लड़कियों के द्वारा किए जा रहे 16 दिवसीय गणगौर पूजन में भाग लिया ।इस दौरान रूक्क्षमणी कुमारी ने महिलाओं के साथ गणगौर की पूजा अर्चना की और चौमू क्षेत्र की खुशहाली की कामना की । साथ ही गणगौर पूजन करने वाली बालिकाओं और महिलाओं को उपहार भेंट किए । इस अवसर पर चौमू कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुरेश कुमार विजयवर्गीय, चौमू नगर पालिका वाइस चेयरमैन किरण शर्मा, राजकुमार शर्मा, पूर्व पार्षद संजय पारीक, लोकेश दल्लाका उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चौमू, सांवरमल सेन, केदार डंगायच, अर्चना जांगिड़, ममता शर्मा, मंजू शर्मा आदि लोग मौजूद रहे ।

# मैं पानी पुरी...सब से निराली !

मैं पानी पुरी, मैं बहुत साधारण किस्म की हूं. मैं आटे, सूजी से बनाई जाती हूं । मैं जब पानी को अपने भीतर समा लेती हूं तो पानी पुरी बन जाती हूँ । मेरे लिए चटपटे मशालों और खटाई का भी प्रयोग किया जाता है । जब मेरे भीतर चना,मूंग, या बूंदी डालकर जैसे ही मसालेदार पानी में डाला जाता है,मैं निखर आती हूँ । मेरी सुंदरता देखकर जीभ ललचाने लगती है,जीभ पर लार आ जाती है, वे मुझे चबाने को आतुर हो उठती है । मैं भी उनसे डरती नहीं,भिड़ जाती हूँ । उनके भीतर पेट में घुसकर हलचल मचा देती हूं ।अच्छे अच्छे पानी मांगने लगते है । खैर ! मैं शांत हो जाती हूँ ।

लगभग पूरे देश मे मिल जाऊंगी,अलग अलग नाम से महाराष्ट्र में पानी पुरी, कहीं गोल गप्पा, कहीं फुलकी आदि । मैं महिलाओं की पहली पसंद हूँ । उनकी लाली भले ही बिगड़ जाए, पर क्या मजाल की मुझे देखकर मुँह में पानी न आ जाए । फुटपाथ से लेकर पांच सितारा होटल तक की जान हूँ ।मेरे बिन शादी और अन्य आयोजन फीके हो जाते हैं। शादी ब्याह में जहाँ ज़्यादा भीड़ दिखे समझो मैं ही हू । बच्चे,बुजुर्ग, जवान सब की चहेती हूँ । कुछ लोग मुझे बड़ी बेदर्दी से खाते है,तो कभी कभी मैं भी उनके आँसू निकाल देती हूँ । लोगो को अपने मुंह के आकार का पता मुझे खाते समय ही पता चलता है । लोग इतना पसंद करते है कि शादी ब्याह में मेरी डिमांड ज़्यादा होने के कारण अक्सर कम पड़ जाती हूँ । जो मुझे नही खा पाते ,उनका हाल वही होता है, कि सीट तो मिली पर विंडो वाली नही ।



मैं भारतीय व्यंजनों की पहचान हूँ । कहते हैं ,मेरा जन्म तो बिहार में हुआ था । मैं बिहारन हूँ लेकिन अब तो पूरे देश पर छा गयी हूँ । अच्छे अच्छे भोजन के मामले में संयमी लोग मेरे सामने आते ही नत मस्तक हो जाते है । उनके भी लार टपकने लगती है । मेरे मौसी के लड़के वडा-पाव मुझसे जलते हैं । मेरे होने पर उन्हें कोई पूछता जो नही ! मैं उनसे नही जलती,जलू भी कैसे जैसे जली तुरंत मेरे भीतर पानी डाल दिया जाता है । मैं किसी से नही जलती लोग मेरे आकार,स्वाद से मेरी ओर खिंचे चले आते हैं ।

मैं रोज़गार का भी अच्छा साधन हूँ । मेक इन इंडिया भी हूँ ,हाँ मैं पानी पुरी हुआन ! आम क्या ! खास क्या ! अमीर क्या ! गरीब क्या !सब की चहेती हूँ ,तभी तो इतराती हूँ , अभी चलती हूँ ! फिर मिलूंगी किसी शादी ब्याह में ठेले पर...बाय बाय..!

**डाक्टर रमाकांत क्षितिज**
**संकलन विनोद कुमार दुबे**

## सीएम योगी के शपथ ग्रहण पर भविष्यवक्ता पंडित रविंद्रचार्य का हुआ स्वागत

**जयपुर (हमारा वतन)।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण लेने पर अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्रचार्य का सांगानेर में युवा हिंदू सम्राट रविंद्र शर्मा ने स्वागत किया गया। गौरतलब है कि विगत 5 वर्ष पहले ही पंडित रविंद्रचार्य ने योगी के अग्रिम मुख्यमंत्री बनने की भविष्यवाणी करी थी ! जो सटीक होने पर सम्मान किया गया । इस अवसर पर बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर श्याम कलम



देखकर सम्मानित किया । इस दौरान वार्ड नंबर 95 के पार्षद अशोक सिंह राजावत, कैलाशी, गजेंद्र सिंह शेखावत, पंडित अमित आचार्य, प्रियतम, राहुल दाधीच, हरीश आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा